DELHI PUBLIC SCHOOL, DURGAPUR

QUESTION BANK & REVISION SHEET FOR MID TERM-I (2017-18)

SUBJECT- HINDI (2L)

CLASS-X

**Mid Term Syllabus –**

साहित्य – बड़े भाई साहब, डायरी का एक पन्ना, तीसरी कसम, तताँरा वामीरो कथा , अब कहाँ दसरों के दुख से दुखी होने वाले, गिरगिट , साखी, मीरा के पद, बिहारी के दोहे, मनुष्यता, मधुर मधुर मेरे दीपक जल , पर्वत प्रदेश में पावस, तोप

संचयन – हरिहर काका, सपनों के से दिन

व्याकरण – शब्द व पद में अंतर, वाक्य शुद्धीकरण, वाक्य रूपांतरण, मुहावरे, समास, अपठित बोध ( गद्यांश एवं पद्यांश)

रचनात्मक लेखन- अनुच्छेद लेखन, अनौपचारिक पत्र लेखन, सूचना लेखन, संवाद लेखन, विज्ञापन लेखन

## बड़े भाई साहब

लेखक- मुंशी प्रेमचंद

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) किन कारणों से बड़े भाई साहब अपने छोटे भाई से नाराज़ रहते थे ?

ख) छोटे भाई ने अपने पढ़ने लिखने के लिए टाइम टेबल बनाने का फैसला कब और क्यों किया ?

ग) लेखक और उनके बड़े भाई साहब के स्वभाव में क्याअंतर था ?

घ) बड़े भाई साहब के प्रति लेखक की सोच कब बदली ?

ङ) बड़े भाई साहब के अनुसार शिक्षा की तत्कालीन पद्धति में क्या- क्या खामियाँ थीं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) बुनियाद ही पुख्ता न हो तो मकान कैसे पायेदार बने ?

ख) उन्हें मेरी तम्बीह और निगरानी का पूरा और जन्मसिद्ध अधिकार था और मेरी शालीनता इसी में थी कि उनके कानून को हुक्म समझूँ।

ग) अपने ऊपर जो विश्वास पैदा हुआ था . वह फिर लुप्त हो गया और फिर चोरों का सा जीवन कटने लगा ।

घ) मुझे आज सचमुच अपनी लघुता का अनुभव हुआ और भाई साहब के प्रति मेरे मन में श्रद्धा उत्पन्न हुई ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) बड़े भाई साहब के अत्यंत गंभीर स्वभाव का होने के पीछे क्या कारण था तथा छोटे भाई को यह सच्चाई कब समझ में आई ?

---

## डायरी का एक पन्ना

लेखक- सीताराम सेकसरिया

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) 26 जनवरी 1931 के दिन को किन अर्थों में स्वाधीनता दिवस कहा गया ?

ख) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता के मार्गों की स्थिति क्या हो गई थी ?

ग) 26 जनवरी 1931 के दिन कोलकाता के लोगों ने अपने उत्साह का परिचय किस प्रकार दिया?

घ) इस विशेष दिन में स्त्रियों ने अपनी सहभागिता किस रूप में प्रदर्शित की ?

ङ) पुलिस ने इस उत्सव को फीका करने के लिए क्या- क्या इंतजाम किए थे ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) जब से कानून भंग का काम शुरु हुआ है ,तब से आज तक इतनी बड़ी सभा ऐसे मैदान में नहीं की गई थी और यह सभा तो कहना चाहिए कि ओपन लड़ाई थी ।

ख) आज तो जो कुछ हुआ वह अपूर्व हुआ है ।

ग) खुला चैलेंज देकर ऐसी सभा पहले नहीं की गई थी ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) डायरी बहुत से लोग लिखते हैं , पर हर डायरी साहित्य का अंग नहीं बनती , ऐसा क्यों ? समझाकर लिखिए ।

---

## तीसरी कसम के शिल्पकार शैलेंद्र

लेखक- प्रह्लाद अग्रवाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) किन विशेषताओं ने तीसरी कसम को फ़िल्म नहीं बल्कि सैल्यूलाइड पर लिखी कविता बताया ?

ख) अपने किस कार्य से राजकपूर ने एक अच्छे और सच्चे मित्र का फ़र्ज़ निभाया ?

ग) किन अर्थों में लेखक शैलेंद्र ने राजकपूर को एशिया का सबसे बड़ा शोमैन कहा ?

घ) राजकपूर और वहीदा रहमान जैसे नामजद सितारों के होने के बावजूद तीसरी कसम को वितरक क्यों नहीं मिले ? स्पष्ट कीजिए ।

ङ)तीसरी कसम ने साहित्य रचना के साथ शत प्रतिशत न्याय किया है --- लेखक ने ऐसा क्यों कहा है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) शैलेंद्र ने तीसरी कसम को अपनी भावप्रवणता का सर्वश्रेष्ठ तथ्य प्रदान किया ।

ख) कलाकार का यह कर्तव्य है कि वह उपभोक्ता की रुचियों का परिष्कार करता चले ।

ग) व्यथा आदमी को पराजित नहीं करती , उसे आगे बढ़ने का संदेश देती है ।

घ) उसमें रची बसी करुणा तराज़ू पर तौली जा सकने वाली चीज़ नहीं थी ।

ङ) जागते रहो में राजकपूर के अभिनय को बहुत सराहा गया था पर तीसरी कसम वह फ़िल्म है जिसमें राजकपूर अभिनय नहीं करता ।

च) उनका ख्याल था कि दर्शक चार दिशाएँ समझ सकते हैं , दस दिशाएँ नहीं ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लेखक क्यों कहते हैं कि तीसरी कसम को जब सिने पर्दे पर उतारा गया तो वह मील का पत्थर साबित हुई , तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

---

## तताँरा वामीरो कथा

लेखक- लीलाधर मंडलोई

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) तताँरा कौन था ? निकोबार द्वीपसमूह में उसकी प्रसिद्धि के क्या कारण थे ?

ख) तताँरा – वामीरो के मिलन में क्या बाधा थी ? आखिर इस समस्या का अंत किस रूप में हुआ ?

ग) तताँरा वामीरो के गीत से इतना प्रभावित क्यों हुआ ?

घ) तलवार में दैवीय शक्ति होने के बावजूद तताँरा ने उसका प्रयोग अपने लिए क्यों नहीं किया ?

ङ) पासा गाँव के पशु पर्व की क्या विशेषता थी ?

च) पशु पर्व के आयोजन के बीच ऐसा क्या हुआ जिसने ताँरा के क्रोध को भड़का दिया ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) तताँरा की तलवार एक विलक्षण रहस्य थी ।

ख) बस आस की एक किरण थी जो समुद्र की देह पर डूबती किरणों की तरह कभी भी डूब सकती थी ?

ग) उसे जहाँ विवाह की निषेध परंपरा पर क्षोभ था वहीं अपनी असहायता पर खीझ ।

घ) जब कोई राह न सूझी तो अपने क्रोध का शमन करने के लिए तलवार में शक्ति भर उसे धरती में घोंप दिया और उसे अपनी ओर खींचने लगा ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) लिटिल अंडमान और कार निकोबार के अलग होने के किस्से को अपने शब्दों में लिखिए ।

---

## गिरगिट

लेखक – अंतोन चेखोव

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) अच्छी शासन व्यवस्था की विशेषताएँ क्या क्या होती हैं ? इनके आधार पर गिरगिट पाठ का विश्लेषण कीजिए ।

ख) शैतान की औलाद मैं तुझे छोड़ने वाला नहीं --- वक्ता क्यों और किसे यह बात कह रहा है ?

ग) ख्यूक्रीन के प्रति ओचुमेलॉव के निर्णय में बार- बार बदलाव आने के क्या कारण थे ?

घ) येल्दीरिन कौन था ? उसके चरित्र की किन्हें दो विशेषताओँ को लिखिए ?

ङ) ओचुमेलॉव को गरमी क्यों लगने लगी , गिरगिट पाठ के आधार पर लिखिए ।

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) यदि इस तरह का कुत्ता मॉस्को या पीट्सवर्ग में दिख जाता, तो मालूम उसका क्या हश्र होता ?

ख) कानून सम्मत तो यही है कि सब लोग अब बराबर हैं ।

ग) हूँ, येल्दीरीन , मेरा कोट पहन लेने में मेरी मदद करो । ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) समरथ को नहिं दोष गुसाईं , कथन के आलोक में गिरगिट पाठ का विश्लेषण कीजिए ।

ख) वर्तमान परिस्थितियों में गिरगिट कहानी की सार्थकता सिद्ध कीजिए ।

---

## अब कहां दूसरों के दुख से दुखी होने वाले

लेखक- निदा फ़ाजली

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) शेख अयाज़ कौन थे ?उन्होंने अपनी आत्मकथा में किसका ज़िक्र किया है ?

ख) इस्लाम में कुत्ते को क्या समझा जाता है ? उसने नूह को क्या शिक्षा दी ? ?

ग) समुद्र के गुस्से की क्या वजह थी ? उसके माध्यम से प्रकृति मानव को क्या सीख देना चाहती है ?

घ) अपनी पत्नी द्वारा खिड़की में जाली लगाया जाना लेखक को क्यों पसंद नहीं आया ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) सबकी पूजा एक सी , अलग अलग है रीति
मस्जिद जाए मौलवी, कोयल गाए गीत ।।

ख) मट्टी से मट्टी मिले , खो के सभी निशान

किसमें कितना कौन है, कैसे हो पहचान ?

ग) जो जितना बड़ा होता है उसे उतना ही कम गुस्सा आता है , परंतु आता है तो रोकना मुश्किल हो जाता है।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) अब कहाँ दूसरों के दुख से दुखी होने वाले , कहानी मनुष्य-मात्र को क्या संदेश देती है ?

---

## साखी

### कबीर

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) अपना ही घर जलाने की नौबत कबीर को क्यों आई ?

ख) विरह रूपी सर्प कबीर के अनुसार कौन है और मंत्र किसे कहा गया है ?

ग) कबीर की साखी की भाषा की विशेषता वताइए।

घ) अपने स्वभाव को निर्मल बनाने के लिए कबीर ने क्या उपाए सुझाए है ?

ङ) पंडित बनने के लिए मनुष्य में किस ज्ञान का होना कबीर अनिवार्य मानते हैं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कस्तूरी कुंडलि बसै, मृग ढूँढ़ै वन माँहि। ।

ख) सब अँधियारा मिट गया जब दीपक देख्या माँहि।

ग) ऐसी बाँणी बोलिये मन का आपा खोइ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) कबीर की वाणी को साखी क्यों कहा जाता है ? उनके दोहों से उदाहरण लेकर बताइए।

ख) कबीर की साखियाँ किस प्रकार मानव जीवन में आदर्शों की प्रतिष्ठा कर सकती हैं ? तर्कपूर्ण उत्तर दीजिए ।

---

## पद

### मीरा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) मीरा ऊँचे महलों के बीच – बीच में खिड़कियों की कल्पना क्यों करती है ?

ख) मीरा के पद में निहित काव्य सौंदर्य को स्पष्ट कीजिए ।

ग) नरहरि रूप के उल्लेक से ईश्वर के किस रूप की ओर मीरा ने संकेत किया है ? उन्होंने यह रूप क्यों धारण किया था ?

घ) मीरा यमुना तट पर आधी रात में श्रीकृष्ण दर्शन क्यों करना चाहती हैं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) हरि आप हरो जन री भीर।
द्रौपदी री लाज राखी आप बढ़ायो चीर ।।

ख) बूढ़तो गजराज राख्यो, काटी कुण्जर पीर

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) मीरा की कृष्ण भक्ति भावना का अपने शब्दों में वर्णन कीजिए।

---

## <u>दोहे</u>

बिहारी

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) छाया भी कब छाया ढूँढने लगती है ?

ख) नीलमनि शैल की तुलना कृष्ण से किस प्रकार की गई है ?

ग) बिहारी के किस दोहे में सच्चे मन में राम के बसने की बात की गई है ? दोहा लिखिए।

घ) बिहारी के दोहों की भाषा क्या है ? इनके दोहों में किस भाव का प्राधान्य है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कहलाने एकत बसत अहि मयूर मृग बाघ .
जगतु तपोवन सौ कियौ दीरघ दाघ निदाघ ।।

ख) कागद पर लिखत न बनत, कहत, संदेशु लजातु ।
कहिहै सबु तेरौ हियौ मेरे हिय की बात ।।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) किन गुणों के आधार पर बिहारी के दोहों को गागर में सागर भरने वाला कहा गया है , लिखिए। ।

ख) किन्हीं दो दोहों के उदाहरण द्वारा स्पष्ट कीजिए कि किस प्रकार बिहारी कम से कम शब्दों में अधिक से अधिक अर्थ भर देते थे ।

---

## <u>मनुष्यता</u>

कवि- राष्ट्रकवि मैथिलीशरण गुप्त

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) मनुष्यता कविता के आधार पर बताइए कि उदार व्यक्ति की पहचान कैसे होती है ?

ख) कवि के अनुसार किस व्यक्ति को मनुष्यता के लक्षणों से हीन माना जाता है ?

ग) पशुप्रवृत्ति से क्या अभिप्राय है , मनुष्यता कविता के आधार पर समझाइए ?

घ) कवि श्री मैथिलीशरण गुप्त ने गर्वरहित जीवन बिताने के लिए क्या तर्क दिए हैं ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) अनित्य देह के लिए अनादि जीव क्या डरे ?
वही मनुष्य है कि जो मनुष्य के लिए मरे ।।

ख) विरुद्धवाद बुद्ध का दया प्रवाह में बहा,
विनीत लोकवर्ग क्या न सामने झुका रहा ?

ग) मनुष्य मात्र बंधु है , यही बड़ा विवेक है ,
पुराणपुरुष स्वयमभू पिता प्रसिद्ध एक है ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) मनुष्य जन्म से नहीं , कर्म से महान बनता है --- मनुष्यता कविता के आधार पर समझाइए ।

---

## <u>पर्वत प्रदेश में पावस</u>

कवि- सुमित्रानंदन पंत

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता की भाषा की कोई दो विशेषताएँ बताइए ।

ख) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में प्रकृति का मानवीकरण किया गया है। कविता में किए गए मानवीकरण अलंकार के प्रयोग को सोदाहरण समझाइए।

ग) झरनों के गिरने की आवाज उत्तेजना क्यों उत्पन्न कर रही है , पर्वत प्रदेश में पावस कविता के आधार पर लिखिए?

घ) शाल धरा में क्यों धँस गए , पर्वत प्रदेश में पावस कविता के आधार पर लिखिए।

ङ) सहस्र दृग सुमन का प्रयोग कविता में कवि ने किस भाव को स्पष्ट करने के लिए किया है , लिखिए।

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) फड़का अपार पारद के पर, उड़ गया अचानक लो भूधर।

ख) जिसके चरणों में पला ताल, दर्पण सा फैला है विशाल ?

ग) पावस ऋतु थी , पर्वत प्रदेश।
पल- पल परिवर्तित प्रकृति - वेश ।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) पर्वत प्रदेश में पावस कविता में व्याप्त प्रकृति के सौंदर्य एवं उसके बदलते रूप की अपने शब्दों में व्याख्या कीजिए।

---

## मधुर मधुर मेरे दीपक जल

कवयित्री- महादेवी वर्मा

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) सागर को जलमय कहने का क्या तात्पर्य है और उसका हृदय क्यों जलता है ?

ख) महादेवी वर्मा ने अपनी कविता में किन किन रूपों में दीपक से जलने की प्रार्थना की है ?

ग) महादेवी अपनी कविता में किसका पथ आलोकित करना चाहती हैं और क्यों ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) दे प्रकाश का सिंधु अपरिमित,
तेरे जीवन का अणु गल- गल।

ख) सारे शीतल कोमल नूतन ,
माँग रहे तुझसे ज्वाला कण

ग) जलते नभ में देख असंख्यक,
स्नेहहीन नित कितने दीपक ।।

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) मधुर मधुर मेरे दीपक जल कविता में निहित उसका काव्य सौंदर्य स्पष्ट कीजिए

---

## तोप

कवि- वीरेल डंगवाल

1) निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर 40-50 शब्दों मे लिखिए –

क) कंपनी बाग में तोप क्यों रखी गई है ?

ख) तोप कविता में कवि विरासत में मिली चीजों को सँभालने पर इतना ज़ोर क्यों देते हैं ?

ग) कविता में किन दो अवसरों पर तोप को चमकाने की बात की गई है एवं क्यों ?

घ) तोप कविता की रचना के पीछे कवि का क्या उद्देश्य हो सकता है ?

2) निम्नलिखित के आशय स्पष्ट कीजिए (40-50 शब्द) –

क) कभी कभी शैतानी में वे इसके भीतर भी घुस जाती हैं

खास कर गौरैयें ।।

ख) वे बताती हैं कि दरअसल कितनी भी बड़ी हो तोप
एक दिन तो होना ही है उसका मुँह बंद । ?

3) निम्नलिखित मूल्यपरक / विश्लेषणात्मक प्रश्न का उत्तर लगभग 100- शब्दों में लिखिए –

क) तोप कविता के आधार पर लिखें कि शासक सत्तारूढ़ होने पर किस प्रकार निर्ममता का व्यवहार करते हैं और सत्ता से उतरने पर उनका क्या हश्र होता है ?

---

हरिहर काका

1. हरिहर काका पाठ में एक कथन , "एक पिता अपने बच्चे को जितना प्यार करता है, उससे कहीं ज़्यादा प्यार हरिहर काका मुझसे करते थे" , में हरिहर काका की कैसी प्रवृति और स्वभाव की झलक मिलती है । आप इससे क्या प्रेरणा ग्रहण करते हैं ?

2. हरिहर काका ने ठाकुरबाड़ी जैसी संस्था में ही रहना प्रारंभ कर दिया था जबकि उनका प्रिय स्थान तो उनका अपना घर ही था । उनके परिवार के लोगों के व्यवहार के प्रति अपने विचार व्यक्त करके बताइए कि आप उन में से एक होते तो क्या करते ?

---

व्याकरण ----

रचनात्मक लेखन---

1. **अनुच्छेद लेखन** ( शब्द सीमा -- 100) – 1). मानवता --- सबसे श्रेष्ठ धर्म , 2) इंटरनेट की उपयोगिता 3). हमारे देश की संस्कृति पर पाश्चात्य प्रभाव 4). भारत में बाल मज़दूरी की समस्या 5). पृथ्वी का रक्षा कवच – ओजोन,6). विद्यार्थी और अनुशासन, 7). शिक्षक और शिक्षार्थी संबंध

2. **औपचारिक पत्र लेखन** ( शब्द सीमा -- 70)–

क) दिल्ली से जयपुर जाते समय आपका सामान रेल में चोरी हो गया , इसकी रिपोर्ट दर्ज़ करवाने हेतु दिल्ली के रेलवे पुलिस अधिरकारी को पत्र लिखिए ।

ख) अपने क्षेत्र में मलेरिया फैलने की संभावना को देखते हुए नगर निगम स्वास्थ्य अधिकारी को पत्र लिखिए ।

ग) अपनी स्वरचित कविता मासिक पत्रिका नंदन में प्रकाशित कवाने हेतु किसी पत्र के संपादक को एक पत्र लिखिए ।

घ) बैंक की चेक बुक खो जाने की सूचना देते हुए बैंक- अधिकारी को पत्र लिखिए ।

ङ) अपने विद्यालय के प्रधानार्य को अपनी छात्रवृत्ति संबंध में एक पत्र लिखिए ।

3. **संवाद लेखन** ( शब्द सीमा -- 50)—

क) अपने पसंदीदा टी0 वी0 कार्यक्रम के बारे में दो मित्रों की बातचीत को संवाद रूप में लिखिए ।

ख) पढ़ाई में बच्चों की लापरवाही से परेशान दो शिक्षकों की बातचीत ।

ग) भारत भ्रमण पर निकले दो शिक्षक मित्रों की बातचीत ।

घ) एक डॉक्टर और मरीज का संवाद ।

ङ) शिक्षा नीति में हुए बदलाव को लेकर दो छात्रों में बातचीत ।

4. **विज्ञापन लेखन** (शब्द सीमा - 25)

क) एनीमेशन का पाठ्यक्रम पढ़ाने वाली एक संस्था की ओर से ।

ख) एक कार बनाने वाली कंपनी की ओर से ।

ग) एक मासिक पत्रिका के लिए आकर्षक विज्ञापन ।

घ) स्वास्थ्य सेवा प्रदान करने वाली एक कंपनी की ओर से ।
ङ) एक कोचिंग संस्थान की ओर से ।

**5. सूचना लेखन** – 1). किसी कार्यक्रम के आयोजन हेतु सूचना लेखन 2). सामान गुम हो जाने या पाए जाने संबंधी सूचना लेखन 3). आवास, कंपनी, बैंक खाता आदि परिवर्तित हेतु सूचना लेखन 4). विद्यालय में स्वच्छता अभियान आयोजन हेतु सूचना लेखन